कार्यालय, आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी॰टी॰नगर, भोपाल

कमांक / प्रशासन / भंडार / आविभो / 077(a) / 2025 भोपाल, दिनांक 09 / 05 / 2025

## Tender Document
## Technical-Cum-Commercial Bid

1. आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.टी. नगर भोपाल में मुख्य भवन, नवनिर्मित हाईस्कूल, मिडिल भवन एवं प्रायमरी भवन, सभागृह, समन्वयक भवन, प्रयोगशालाओं, लायब्रेरी एवं विद्यालय परिसर अन्य भवन कक्षों में वॉल रिपेयरिंग (क्रेक धिसाई, व्हाईट सीमेंट, पुट्टी, डिस्टेम्पर, ऑईल पेंट कार्य) टाईल्स संधारण, एसोरेटेड आयरन शीट नवीन बदलना एवं संधारण कार्य एवं अन्य सिविल / फेब्रिकेशन्स कार्यों के लिए वार्षिक रूप से दरें स्वीकृति कार्यवाही हेतु दरें आमंत्रित की जाती है।
2. विद्यालय में प्रस्तावित उपरोक्त संबंधी सिविल / फेब्रिकेशन्स कार्य हेतु समिति के निर्देशन में कार्य स्पॉट का निर्धारित समयसीमा के भीतर अवलोकन करवाए जानें उपरांत ही प्रस्तावित दरें प्रदान करना होगी।
3. यह आमंत्रण ऐसे कांट्रेक्टर / व्यक्तियों के लिए खुला है, जिनके पास इस क्षेत्र में निम्नतम 02 वर्ष का अनुभव है। एवं वर्तमान में म.प्र. के किसी उपक्रम एवं व्यवसायिक संस्था को अनुबंध पर सेवाऐं प्रदान कर रहा है।
4. आदर्श विद्यालय भोपाल में सिविल / फेब्रिकेशन्स कार्य सेवाऐं संतोषजनक पायी जाती है। तो समान शर्तों और सेवा शुल्क पर दोनों पक्षों की आपसी सहमति अथवा नवीन रूप से दरें स्वीकृत होने अधिकतम रूप से सिविल / फेब्रिकेशन्स सेवाऐं आगामी 01 माह की अवधि हेतु बढायी जा सकती है।
5. कोटेशनों में उल्लेखित दर सिविल / फेब्रिकेशन्स कार्य फर्मों के चयन के लिए एकमात्र मापदंड नहीं है। ऐसी फर्मों द्वारा प्रस्तुत निविदाऐं जिनके पास 02 वर्ष का अनुभव नहीं है। उन पर विचार नहीं किया जावेगा। एवं उनकी निविदाऐं अस्वीकार कर दी जावेगी।
6. सिविल / फेब्रिकेशन्स कार्य हेतु फर्मों को निर्धारित टेन्डर फार्म दिनांक 13 / 05 / 2025 से 30 / 05 / 2025 तक कार्यालयीन समय अपरान्ह 12:00 से 03:00. बजे तक विद्यालय वेबसाईट में उल्लेखित शुल्क राशि पर प्राप्त करना होगा। एवं सिविल / फेब्रिकेशन्स कार्य हेतु प्रस्तावित वार्षिक दरें स्वीकृति हेतु दरें प्रदान करना होगी।
7. सिविल / फेब्रिकेशन्स कार्य हेतु फर्मों से प्राप्त निविदाऐं दिनांक 30 / 05 / 2025 को अपरान्ह 04:30 बजे सार्वजनिक रूप से विद्यालय कक्ष में प्राचार्य महोदया, समिति सदस्यों एवं सिविल / फेब्रिकेशन्स कांट्रेक्टरों फर्म / प्रतिनिधियों / प्रोपराईटर्स की उपस्थिति में खोली जावेगी।
8. विद्यालय में सिविल / फेब्रिकेशन्स कार्य हेतु एक्सपर्ट मिस्त्री / लेबर से सेवाऐं लेना अनिवार्य होगा। कार्य में त्रुटि होने पर भुगतान कार्यवाही नहीं की जावेगी।
9. विद्यालय में सिविल / फेब्रिकेशन्स कार्य हेतु मटेरियल उच्च क्वालिटी का प्रयोग करना होगा।

10. सिविल/फेब्रिकेशन्स कार्य हेतु संबंधित फर्मों को चाहे गए निविदा फार्म, सह 75,000/– अर्नेस्ट मनी धनादेश/बैंक ओवर ड्राप्ट/नगद/बैंक गारण्टी के रूप में जमा करना होगी। दरें मान्य न होने की स्थिति में जमा अर्नेस्ट मनी 15 दिवस के भीतर संबंधित सिविल/फेब्रिकेशन्स कांट्रेक्टर्स फर्मों को लौटा दी जावेगी।

11. सिविल/फेब्रिकेशन्स कार्य सेवाऐं अवधि दिनांक 01/05/2025 से 31/05/2026 के लिए मान्य होगी। एवं सेवाऐं संतोषप्रद पाए जाने व आपसी सहमति पर अधिकतम आगामी 01 माह तक कार्य सेवाओं में वृद्धि की जा सकेगी।

12. जिस सिविल/फेब्रिकेशन्स कांट्रेक्टर्स, फर्म की दरें मान्य होती है। उनके द्वारा जमा अर्नेस्ट मनी राशि रू. 75,000/– सुरक्षा निधि के रूप में सेवा अवधि तक विद्यालय में जमा रहेगी। स्वीकृत सेवा अवधि के मध्य में सेवाऐं संबंधित फर्मों की और से प्रभावित करने पर जमा सुरक्षा निधि राशि राजसात् कर ली जावेगी।

13. जिन कांट्रेक्टर्स, फर्मों द्वारा निविदा में भाग लिया जावेगा उन फर्मों के लिए Gem Portal पर वैद्य रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। एवं इससे संबंधित अभिलेखों की छायाप्रति विद्यालय में जमा करनी होगी।

14. प्रस्तुत की जा रही दरें Gem Portal की दरों के समकक्ष अथवा उनसे कम होगी।

15. सिविल/फेब्रिकेशन्स कांट्रेक्टर्स, फर्मों को भुगतान स्वीकृत मान्य दरों पर सिविल/फेब्रिकेशन्स कार्य पूर्ण एवं समिति की पुष्टि के आधार पर नियमानुसार समयसीमा में की जावेगी।

16. सिविल/फेब्रिकेशन्स कार्य आदेशित शर्तों, दायित्वों का समयसीमा में निर्वहन न किए जाने पर सिविल/फेब्रिकेशन्स सेवाऐं समाप्ति का प्राचार्य को विशेषाधिकार होगा।

उपप्राचार्य
आदर्श उ. मा. विद्यालय
टी. टी. नगर भोपाल

प्राचार्य
आदर्श उ. मा. विद्यालय
टी. टी. नगर भोपाल